ॐ श्री ओङ्कारानन्द-कामाक्षी पञ्चाङ्गम् ॐ



विक्रम सम्वत् 2082 * ईस्वी सन् 2025–2026

‘ सिद्धार्थी ’ नाम सम्वत्सर

राजा - सूर्य मन्त्री - सूर्य

भगवान् श्री दक्षिणामूर्ति

गुरुदेव परमहंस श्रीमत्स्वामी ओङ्कारानन्द सरस्वती जी महाराज

महन्त श्री स्वामी विश्वेश्वरानन्द सरस्वती
अध्यक्ष, ओङ्कारानन्द आश्रम हिमालय

॥ ॐ श्री गणेशाय नमः ॐ॥
॥ ॐ श्री ओङ्कारानन्द–कामाक्ष्यै नमः ॐ॥
॥ ॐ श्री सद्गुरुदेव परमहंस ओङ्कारानन्दाय नमः ॐ॥

ॐ श्री ओङ्कारानन्द-कामाक्षी पञ्चाङ्गम्

'सिद्धार्थी' नाम सम्वत्सर

राजा – सूर्य **मन्त्री – सूर्य**

विक्रम सम्वत् 2082, शाङ्कराब्द 1238
कलिवर्ष 5126, शक सम्वत् 1947
ईस्वी सन् 2025–2026

'सिद्धार्थी ' नामक इस सम्वत्सर के दशाधिकारी
राजा–सूर्य, मन्त्री–सूर्य, सस्येश–बुध, धान्येश–चन्द्र,
मेघेश–सूर्य, रसेश–शुक्र, नीरसेश–बुध,
फलेश–शनि, धनेश–मंगल, दुर्गेश–शनि

प्रकाशकः

श्री ओङ्कारानन्द आश्रम हिमालय

स्वामी ओङ्कारानन्द सरस्वती मार्ग,
डाक-घर - शिवानन्दनगर-249192, मुनि-की-रेती,
जिला - टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड

सम्पादक - स्वामी परमानन्द गिरि
संकलनकर्ता - पं. सुरेश जोशी

© सर्वाधिकार सुरक्षित

www.oah.in / www.omkarananda-ashram.org

विषय सूची

शुभ संकल्प 4
निर्देश 5
सम्वत् एवं दशाधिकारी फल 6-10
द्वादश राशि फल 11-14
प्रमुख व्रत-त्यौहार, व्रत एवं छुट्टियाँ 15-19
संदिग्ध प्रमुख व्रत-पर्वों का शास्त्रीय निर्णय 20-22
ग्रहण विवरण 23-24
सङ्कटनाशनगणेशस्तोत्रम् 25
महिषासुरमर्दिनी-स्तोत्रम् 26-27
श्री शिवमहिम्नः स्तोत्रम् 28-33
सिद्धकुञ्जिकास्तोत्रम् 33-34
लिङ्गाष्टकम् 35
श्री शिवपञ्चाक्षरस्तोत्रम् / द्वादशज्योतिर्लिङ्गस्मरणम् 36
रुद्राष्टकम् 37
शिवताण्डवस्तोत्रम् 38
श्री शिव जी की आरती 39
कालभैरवाष्टकम् 40
श्री वेङ्कटेश स्तोत्रम् 41
हनुमान चालीसा 42-43
श्री बजरंग बाण 44-45
श्रीगङ्गाष्टकम् 45-46
वर्गीकृत तिथि सूचना (दिनाङ्क अनुसार) 47
तिथि वारादि पञ्चाङ्ग 48-95
शुभ व्यापार आरम्भ मुहूर्त 96-97
यज्ञोपवीत (उपनयन) मुहूर्त 97
चूडाकर्म मुहूर्त 98
शुभ विवाह मुहूर्त 99-104
गृहारम्भ मुहूर्त 105
नूतन गृह प्रवेश मुहूर्त 106
राहु काल / यम काल / सर्वार्थ सिद्धि योग / अमृत सिद्धि योग 107
सर्वार्थ सिद्धि योग का प्रारम्भ व समाप्ति काल 108-110
गुप्त नवरात्रि / कलंक चौथ चन्द्रदर्शन दोषनिवारक मन्त्र 110
अमृत सिद्धि योग का प्रारम्भ व समाप्ति काल 111
गण्डमूल के नक्षत्र / गण्डमूल नक्षत्रों का प्रारम्भ व समाप्ति काल 112-113

विषय सूची

शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या एवं सुवर्णादि पाया फल विचार 113-114
कुम्भ राशि में शनि का गोचर फल 114-115
शनि के पाद (पाया) फल विचार एवं शनि शान्त्यर्थ शास्त्रीय उपाय 116
नामाक्षरानुसार नक्षत्र राशिज्ञान चक्र 117
यात्रा विचार प्रकरण / राहु वास चक्र 118
दिक्शूल परिहार / यात्रा में चन्द्रमा विचार 119
सूर्योदय से चौघड़िया दिन के प्रति अंश में यात्रा का फल 119
सूर्यास्त से चौघड़िया रात्रि के प्रति अंश में यात्रा का फल 120
भद्रा लोक वास / भद्रा का प्रारम्भ एवं समाप्ति काल 121-123
यज्ञोपवीत धारण करने एवं त्यागने का मन्त्र 123
पञ्चक नक्षत्र विचार / पञ्चकारम्भ एवं समाप्तिकाल 124
दीपावली (श्री महालक्ष्मी पूजन) 125-126
अथ संक्षिप्त-सन्ध्योपासना-विधिः 127-130
देवपूजा सम्बन्ध में कुछ शास्त्रोक्त बातें 131-134
विविध द्रव्यों द्वारा शिवपूजन से अभीष्ट प्राप्ति 135-136
नव ग्रहों के जपार्थ वैदिक मन्त्र 136
51 शक्तिपीठ 137-141
18 पुराण (एक परिचय) / 84 लाख योनियाँ 142
भारत के चार धाम / उत्तराखण्ड के चार धाम 142
14 लोक / सप्तर्षि / दशावतार 143
षोडश संस्कार (एक संक्षिप्त परिचय) 144
आध्यात्मिक जीवन में गुरु का महत्त्व 145
गुरु से मन्त्र ग्रहण तथा जप विधि (संक्षिप्त) 145
होमादि में अग्निवास 146
होमादि में शिववास 147
चतुर्युगों की व्यवस्था का वर्णन 148
आपको किस दिन क्या करना शुभ है 149
अन्य विविध मुहूर्त 150-151
ग्रह राशि सम्बन्धी रत्न विचार 152
ग्रह कृत अनिष्ट फल निवारण हेतु सूर्यादि ग्रहों के दानादि पदार्थ 153
ग्रह दोष निवारण हेतु बीज मंत्र 154
नवग्रहपीडाहरस्तोत्रम् / नवग्रहस्तोत्रम् 155
वास्तु प्रकरण 156-159
प्राकृतिक उपचार 160-164
मेथी के गुणकारी लाभ 164

शुभ संकल्प

ज्योतिष के महान् आचार्य वराहमिहिर 'सिद्धार्थी'-नामक संवत्सर का वर्णन करते हुए कहते हैं कि इस संवत्सर में अनेक सद्गुण विद्यमान हैं, क्योंकि इस संवत्सर में प्रजा के धन-धान्य एवं समृद्धि की बहुत वृद्धि होती है – "सिद्धार्थसंज्ञे बहवो गुणाश्च" (बृहत्संहिता 8.49) अर्थात् सिद्धार्थ नामक इस संवत्सर के बहुत गुण हैं। वस्तुतः जिस संवत्सर में प्रजा के 'अर्थ' अर्थात् प्रयोजन की सिद्धि होती है, उस संवत्सर को ही 'सिद्धार्थ' अथवा 'सिद्धार्थी' कहा गया है।

वैदिक सनातन धर्म में मानव जीवन का सर्वोच्च प्रयोजन माना गया है – परमात्म-साक्षात्कार। इसीलिये इसे ही परम पुरुषार्थ भी माना गया है। मानव जीवन के समस्त प्रयोजनों की सिद्धि इसी से होती है, इसीलिये श्री विष्णु सहस्रनाम स्तोत्र में परमात्मा का एक नाम 'सिद्धार्थ' भी बताया गया है क्योंकि उनके साक्षात्कार मात्र से ही जीवन के सभी अर्थ अर्थात् प्रयोजन सिद्ध हो जाते हैं। यही बात उपनिषदों में भी कही है – "सोऽश्नुते सर्वान् कामान्" (तैत्तिरीय उपनिषद् 2.1) अर्थात् सच्चिदानन्द स्वरूप परब्रह्म तत्त्व का अपनी हृदय गुहा में साक्षात्कार करने वाले की सभी इच्छायें पूर्ण हो जाती हैं। यही जीवन की वास्तविक समृद्धि है। इसीलिये कहा गया है – "विपदो नैव विपदः संपदो नैव संपदः। विपद्विस्मरणं विष्णोः संपन्नारायणस्मृतिः" अर्थात् सांसारिक विपत्तियां कोई विपत्ति नहीं और सांसारिक संपत्ति कोई संपत्ति नहीं, अपितु परमेश्वर का विस्मरण ही सबसे बड़ी विपत्ति और उनकी सतत स्मृति बने रहना ही सबसे बड़ी संपत्ति है।

इसीलिये आध्यात्मिक उन्नति के इच्छुक वैदिक सनातन मार्ग के पथिक का यह कर्तव्य बन जाता है कि वह अपने जीवन में वास्तविक समृद्धि को प्राप्त करने के लिये सदैव परमात्मा का स्मरण करता रहे, इसी से ही मानव जीवन के सभी अर्थ अर्थात् प्रयोजन सिद्ध होते हैं। बस, यही सन्देश देने के लिये इस संवत्सर का नाम हमारे महर्षियों ने "सिद्धार्थी" रखा होगा, ऐसा ज्ञात होता है।

आइये, इस "सिद्धार्थी" नामक संवत्सर के प्रारम्भ में हम सभी जगज्जननी आद्याशक्तिस्वरूपा भगवती ओंकारानन्द-कामाक्षी से प्रार्थना करें कि वे हमें ऐसी शक्ति प्रदान करें जिससे हम सदैव परमात्मा का स्मरण करते रहें, उन्हें कभी भूलें नहीं, जिससे मानव जीवन का सर्वोच्च अर्थ अर्थात् प्रयोजन सिद्ध हो और हम 'सिद्धार्थ' बन सकें, क्योंकि इसी में तो हमारे इस दुर्लभ मानव जीवन की सफलता है। इत्यों शम्।

निवेदक – सिद्धार्थ कृष्ण

निर्देश

- यह पञ्चाङ्ग 30:44 अक्षांश के आधार पर है। तिथि, नक्षत्र की समाप्ति का काल घण्टा, मिनट के अनुसार है।
- दोपहर 12 बजे के बाद 1 बजे का मान पाठकों की सुविधा के लिये 13 दिया गया है। उसी प्रकार दोपहर 2 बजे के लिये 14।
- जहाँ पर 24, 25, 26 आदि अंक लिखे हैं, वहाँ 24 रात्रि 12 बजे, 25 को रात्रि के 1 बजे, 26 को रात्रि के 2 बजे जानें। इसी प्रकार आगे के अंको में भी 24 घटाकर अर्धरात्रि के बाद का समय जानें। जब तक आगामी दिवसीय सूर्योदय न हो, तब तक **भारतीय ज्योतिष परम्परानुसार पिछली तारीख का दिन ही माना जाता है।**
- तिथि एवं नक्षत्र का समय समाप्ति-काल में दिया गया है।
- करण तथा योग प्रातःकालीन सूर्योदय के ही लिखे गये हैं।
- पूर्णिमा के लिये 15 और अमावस्या के लिये 30 लिखा गया है, गते को सौरमास की प्रतिष्ठा जानें।
- भद्रा तथा सर्वार्थ सिद्धियोग पर्वनाम में दिये गये हैं। कहीं-कहीं उनका मान 24 घण्टा 30 मिनट लिखा हो तो उसका अर्थ हैं रात्रि के 12 बजकर 30 मिनट।
- मुहूर्त्त जिस दिन के शुभ हैं उसी दिन के दिये गये हैं।
- **हवन करते समय अग्निवास का बड़ा महत्त्व है तथा जिस दिन अग्निवास पृथ्वी पर हो उसी दिन हवन किया जाता है अतः जिस दिन अग्निवास पृथ्वी पर है उस दिन के पर्वनाम में का चिह्न दिया गया है।**

✻ सम्वत् एवं दशाधिकारी फल वि.सं. 2082 ✻
॥ सम्वत्सर – सिद्धार्थी, राजा – सूर्य, मन्त्री – सूर्य ॥

नव विक्रमी संवत् 2082 के आरम्भ (30 मार्च, 2025 ई.) में बार्हस्पत्यमान (गुरुमान) से शिव (रुद्र) विंशति के अन्तर्गत 'एकादश युग' का तृतीय 'सिद्धार्थी' नामक (सम्वत्सरों में 53वाँ) सम्वत्सर का प्रारम्भ हो चुका होगा। (सिद्धार्थी-संवत्सर का आरम्भ लगभग 15 मार्च, 2025 ई.से हो चुका होगा तथा 10 मार्च, 2026 ई. तक रहेगा)।

नव विक्रमी संवत् का प्रवेश 29 मार्च, 2025 ई. शनिवार को **उत्तराभाद्रपद नक्षत्र तथा ब्रह्म योग कालीन सिंह लग्न** में होगा। शास्त्र एवं प्रचलित परम्परानुसार नवसंवत् का प्रारम्भ तथा राजा का निर्णय चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के वार-अनुसार ही किया जाता है। **'रविवार'** से नवसंवत् का प्रारम्भ होने के कारण आगामी वर्ष (संवत्) का राजा **'सूर्य'** होगा। सम्वत्सर का निर्णय भी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (संवत् के आरम्भ) में विद्यमान् सम्वत्सर को ही लिया जाता है। तदनुसार **'सिद्धार्थी'** नामक नव वि. संवत् 2082 तथा चैत्र (वासन्त) नवरात्रों का प्रारम्भ 30 मार्च, रविवार (17 चैत्र प्रविष्टे), उत्तराभाद्रपद नक्षत्र कालीन होगा।

चैत्र (वासन्त) नवरात्र अर्थात् 30 मार्च, रविवार से जप, पाठ, पूजन, दान, ब्रतानुष्ठान, यज्ञादि, धार्मिक अनुष्ठान कर्मों के आदि में संकल्पादि प्रयोग कार्यों में **10 मार्च, 2026 ई. तक 'सिद्धार्थी'** नामक नव सम्वत्सर का प्रयोग होगा। **ता. 10 मार्च, 2026 ई. के बाद सभी प्रकार के संकल्प कार्यों में संवतारम्भे 'सिद्धार्थी' परं वर्तमाने 'रौद्र'** नाम सम्वत्सरे का प्रयोग करना चाहिए।

'सिद्धार्थी' नामक सम्वत्सर का फल शास्त्रों में इस प्रकार वर्णित है-

सिद्धार्थवत्सरे भूयो भूयो-ज्ञान-वैराग्य-युक्त प्रजाः।
सकला-वसुधा-भाति-बहुसस्यार्घ-वृष्टिभिः ।।

अर्थात् **'सिद्धार्थी'** नामक संवत्सर में प्रजा ज्ञान, वैराग्य आदि विषयों में विशेष रुप से रूचि रखेगी तथा धार्मिक आयोजन विशेष रूप से अधिक होंगे। वर्ष में अच्छी-उपयुक्त, वर्षा हो, प्रतिकूल जलवायु के बावजूद अच्छा उत्पादन, शासन-तन्त्र की स्थिरता बनी रहेगी। सम्पूर्ण पृथ्वी पर प्रसन्नता रहे। इस संवत्सर का स्वामी सूर्य है। देश में सुकाल के बावजूद प्रजा असन्तुष्ट रहे। धान्यादि की मांग अधिक रहे। चैत्र में धान्य भाव तेज़ रहे। वैशाख में कुछ मन्दी रहे, वैशाख-ज्येष्ठ में लोगों को पीड़ा और युद्ध-भय हो। भाद्रपद में खण्ड वृष्टि हो, वर्षा कम होगी। आश्विन में रोग पीड़ा और धान्य भाव मध्यम हो। मार्गशीर्ष आदि चार महीनों में राज्य-विरोध, प्रजा में अशान्ति तथा धान्यादि आवश्यक वस्तुओं में तेजी का रुख रहे।

रोहिणी का वास-वि.संवत् 2082 में मेष संक्रान्ति का प्रवेश '**स्वाति**' नक्षत्रकालीन हुआ है। अतएव '**वर्षप्रबोध**' ग्रन्थानुसार रोहिणी का वास '**तट**' पर होगा। यथा-

यदि विधिधिष्ण्यपतति तटस्थम्। शुभजल वृष्टिः धन-कण वृद्धिः॥

अर्थात् '**तट**' पर रोहिणी का वास होने से आगामी वर्ष उपयोगी एवं उत्तम (अच्छी) वर्षा होने के योग बनते है। फलस्वरूप धान्य, चावल, चने, गन्ने, वृक्ष, घास व अन्य जड़ी-बूटियों, पौधों की पैदावार भी अच्छी होगी। प्रजा में अन्न, धन एवं अन्य सुख-साधनों एवं व प्रसाधनों की वृद्धि होगी।

संवत् (समय) का वास–रोहिणी का वास '**तट**' पर होने की स्थिति में संवत्सर पर वास '**रजक (धोबी)**' के घर रहेगा, जिसके प्रभावस्वरूप वर्षा विपुल एवं उत्तम मात्रा में होगी 'रजके वृष्टिरूत्तमा'। धान्य, गेहूँ, चना, ईख, मक्की, हरी, सब्ज़ियों, वृक्षों व फलों का उत्पादन अच्छा होगा। लोगों में सुख एवं ऐश्वर्य के साधन बढ़ेंगे। (कुएँ, तालाब, नदी-नाले, बावड़ियां, दरिया आदि जलापूरित रहेंगे। यथा-

वापी कूपतडागानि नदी नद वनानि च। जलपूर्णानि दृश्यन्ते वासो रजके॥

संवत् (समय) का वाहन–वि. संवत् 2082 का राजा '**सूर्य**' होने से सम्वत् का वाहन '**अश्व**' होगा जिससे देश में कहीं बहुत अधिक, कहीं अल्प वर्षा होगी अर्थात् असमान (विषम) वर्षा होगी। कुछ प्रदेशों/क्षेत्रों में अति वर्षा के कारण भूस्खलन, बाढ़, कृषि-हानि, भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोपों का भय रहेगा तो कहीं अल्प वर्षा के कारण अकाल, दुर्भिक्ष जन्य परिस्थितियां रहेंगी। राजनीतिक क्षेत्रों में मतभेद तथा अनिश्चितताएं रहेंगी। कहीं उलट-फेर (छत्रभंग) हों। अधिकांश लोग बाह्य आकर्षणों में आसक्त रहें। तापमान में वृद्धि हो।

राजानो विग्रहं यान्ति वृष्टिनाशो महर्घता। भूमिकम्पो भयं घोरं हयारूढ़े तु वत्सरे॥

(1) राजा सूर्य का फल -

सूर्ये नृपे स्वल्पफलाश्च मेघाः स्वल्पं पयो गौषुजनेषु पीडा।
स्वल्पं सुधान्यं फलं अल्पवृक्षाश्चौराग्नि बाधानिधनं नृपाणाम्॥

अर्थात् संवत् का राजा **सूर्य** हो, तो उस वर्ष देश के कुछ क्षेत्रों में समयानुसार एवं उपयोगी वर्षा की कमी रहे। गाय-भैंस आदि चौपाय दूध कम देंगे। सामान्य लोगों में दुःख, विग्रह, कलह-क्लेश एवं कष्टादि अधिक हों। धान्य, गन्ना आदि फसलों, वृक्षों पर फल, फूलादि मौसमी फलों का उत्पादन कम हो। प्रशासकों/राजनेताओं में परस्पर टकराव एवं विरोध अधिक रहे। चोरी, ठगी, डकैती, लूटमार, रेलयान, वाहन, अग्निकाण्ड की वारदातें अधिक होंगी। कट्टरवाद एवं साम्प्रदायिक उपद्रव की घटनाएँ अधिक होंगी। लोगों में क्रोध, उत्तेजना, कलह, विचित्र तथा नेत्र सम्बन्धी गम्भीर रोगों की अधिकता रहे। राजसिक प्रवृत्तियां अधिक बढ़ें। किसी विशिष्ट राजकीय नेता के आकस्मिक निधन होने से देश में शोक व्याप्त हो।

(2) मन्त्री सूर्य का फल -

नृपभयं गदतोऽपि हि तस्करात् प्रचुर धान्यधनादि महीतले।
रसचयं हि समर्घतमं तदा रवि अमात्यपदं हि समागतः॥

अर्थात् जिस वर्ष सूर्यदेव को मन्त्री पद प्राप्त हो, उस वर्ष राजाओं को भय अर्थात् प्रशासकों व राजनीतिक पार्टियों में परस्पर विरोध एवं टकराव बढ़े (केन्द्र व राज्य सरकारों में मतभेद रहेंगे)। पृथ्वी पर धन-धान्यादि सुख-साधनों का प्रसार अधिक बढ़े, परन्तु साथ ही साथ कठोर सरकारी नीतियों व गतिविधियों, चोर-लुटेरों के कारण प्रजा में भय, विक्षोभ व असन्तोष भी रहे। क्लिष्ट एवं पेचीदा रोगों के आधिक्य से जनता में अराजकता अनुभव करें। पेयजल, गुड़, दूध, तेल, ईख, फल, सब्ज़ियाँ, चीनी इत्यादि रसदार वस्तुओं की कमी एवं उनमें समर्घता (तेजी) हो। अन्य जनोपयोगी वस्तुओं के मूल्यों में भी तेजी होगी।

राजा और मन्त्री पद-एक ही ग्रह 'सूर्यदेव' को-

ध्यान दें-इस वर्ष राजा और मन्त्री के दोनों पद **'सूर्यदेव'** के पास है। जिस वर्ष राजा और मन्त्री के पद एक ही ग्रह के पास हो, तो उस वर्ष विभिन्न देशों के राजनेता निरंकुश, स्वार्थपूर्ण एवं मनमाना आचरण करेंगे। अग्निकाण्ड, भूकम्प, बाढ़ादि प्राकृतिक प्रकोप तथा साम्प्रदायिक हिंसा एवं जातीय उपद्रव अधिक होंगे। कहीं वर्षा में कमी और जलवायु में उष्णता (गर्मी) अधिक रहे। लोगों में क्रोध और आवेश के कारण हिंसक घटनाएं अधिक होंगी। सत्तारूढ़ राजनेताओं एवं विपक्षी नेताओं के मध्य टकराव एवं आरोप-प्रत्यारोप अधिक होंगे। अनाज, फलों, सब्ज़ियों व धान्यादि की पैदावार कम होगी। चोरी, डकैती, लूटमार, अग्निकाण्ड एवं लोगों में क्लिष्ट रोग, तनाव एवं नेत्र, रक्त-पित्तजन्य रोग अधिक होंगे। अनाजादि में तेजी के कारण व्यापारी लोग अच्छा मुनाफा उठाएंगे।

स्वयं राजा स्वयं मन्त्री जनेषु रोगपीड़ा चौराग्नि,
शंका-विग्रह-भयं च नृपाणाम्॥

(3) सस्येश बुध का फल -

जलधरा जलराशिमुचो भृशं सुखसमृद्धियुतं निरुपद्रवम् ।
द्विजगणाः स्तुतिपाठरताः सदा प्रथमसस्यपतौ सति बोधने॥

सस्येश (ग्रीष्मकालीन फसलों का स्वामी) बुध हो, तो देश में वर्षा अधिक हो, लोगों में सुख-समृद्धि का वातावरण रहे, परन्तु महँगाई एवं खर्च भी बढ़ेंगे। सामाजिक स्थिति भी शान्तिपूर्ण रहे। बुद्धिजीवी वर्ग द्वारा शासन-तन्त्र की प्रशंसा हो, आतंक एवं उपद्रव की घटनाओं में अपेक्षाकृत कमी हो। ब्राह्मण लोग (द्विजगण) वेदाध्ययन, हवनादि धार्मिक कार्यों में प्रवृत्त होंगे। बुद्धिजीवी लोग अध्ययन-अध्यापनादि कार्यों में प्रवृत्त होंगे। उच्च-तकनीकी विद्याओं की ओर लोगों का रुझान बढ़ेगा।

(4) धान्येश चन्द्र का फल -

चन्द्रे धान्याधिपे जाते प्रजावृद्धिः प्रजायते।
गोधूमा सर्षपाश्चैव गोषुक्षीरं तदाबहु॥

धान्य (शीतकालीन फसलों का स्वामी) का स्वामी `चन्द्रमा` हो, तो उस वर्ष जनसंख्या में विशेष वृद्धि होती है। शीतकालीन फसलों जैसे-कपास, चना, सोयाबीन, सरसों, गेहूँ, अन्य धान्य आदि तथा गोदुग्ध/गोघृत के उत्पादन में विशेष वृद्धि होगी। श्रेष्ठ एवं उपयोगी वर्षा, धरती पर नदियों, तालाबों में जल-स्तर ठीक रहे तथा लोगों में उत्साह बना रहता है।

(5) मेघेश सूर्य का फल -

जलदपे यदिवासरपे तदा सरसि वै रमते जनतारसम् ।
यव चणेक्षु-निवार सुशालिभिः सुखचयं सुलभं भुविवर्तते॥

मेघेश (वर्षा का स्वामी) सूर्य होने से गेहूँ, जौं, चना, ईख, बाजरा, नीवारू, चावल, मूँग की पैदावार अच्छी होगी। पृथ्वी पर सुख-ऐश्वर्य के विविध प्रकार के साधनों का विस्तार होगा। दूध, गुड़, शक्कर, चावल, ईखादि की पैदावार कम हो, कई स्थानों पर नदी, नालों में जलस्तर कम हो। उपयोगी वर्षा की कमी रहे। जनता भय, ढोंग, पाखण्ड से परेशान रहे।

(6) रसेश शुक्र का फल -

यजन-याजनकोत्सव कोत्सुका जनपदा जलतोषित मानसाः।
सुख-सुभिक्ष सुमोदवती धरा धरणिपा हत पाप गणप्रियाः ॥

`शुक्र` रसेश हो, तो लोग यज्ञ, याजन एवं विविध मांगलिक उत्सवादि करने में उत्सुक रहें। कहीं अनुकूल वर्षा होने से लोग किंचित् प्रसन्न एवं सन्तुष्ट हों। पृथ्वी पर सुभिक्ष, सम्पन्नता एवं सुख-साधनों में वृद्धि हो। मौसमी मेवाजात और कृषि आदि की पैदावार अच्छी हो। शासक लोक-कल्याण के कार्यों में प्रवृत्त हो।

(7) नीरसेश बुध का फल -

चित्र वस्त्रादिकं चैव शंख-चन्दन-पूर्वकम् ।
अर्घवृद्धिः प्रजायेत नीरसेशो बुधो यदि ॥

`बुध` नीरसेश (ठोस धातु पदार्थों का स्वामी) हो, तो विभिन्न वर्ण के (रंग- बिरंगे) सुन्दर वस्त्र, शंख, चन्दनादि लकड़ी और हीरा, मोती, पुखराज, पन्ना और जवाहरात तेज भाव होंगे तथा सोना, चाँदी, लोहा, ताँबा आदि धातुओं के भावों में भी विशेष तेजी होगी।

(8) फलेश शनि का फल -

यदि शनिः फलपः फलहा भवेत् जनित पुष्पगणस्य दमः सदा।
हिमभयं वरतस्कर जन्तुभीः जनपदो गदराशि महाकुलः।।

फलों का स्वामी शनि हो, तो फलदार वृक्षों पर फलों एवं पुष्पों के उत्पादन में कमी हो। पर्वतीय (पहाड़ी) क्षेत्रों में कहीं प्रतिकूल वर्षा एवं असामयिक बाढ़ादि के कारण हानि हो। चोरी, ठगी, बेईमानी व भ्रष्टाचार की घटनाएँ अधिक हों। पर्वतीय प्रदेशों में कहीं असमय हिमपात (बर्फबारी) से हानि हो। प्रदूषण, श्वास एवं पेचीदा रोगों के कारण अधिकांश लोग दुःखी रहें। शहरों में जनसंख्या का भारी दबाव रहे।

(9) धनेश मंगल का फल -

धरणिजे धननायकतां गते शरदि ताम्रकरास्तुष-धान्यहा ।
सकल-देश-जनाश्चलितास्तदा नरपतिर्नर-शोकविधायकः।।

जिस वर्ष धनपति (कोशपति) मंगल हो, तो उस वर्ष थोक व्यापारिक वस्तुओं के सूचकांक (मूल्यों) में विशेष उतार-चढ़ाव हों अर्थात् व्यापार में अस्थिरता रहे। शेयर एवं वायदा बाज़ार में अस्थिरता का माहौल रहे। माघ मास में वर्षा न होने अथवा असमय (बेमौसमी) वर्षा होने से गेहूँ आदि भूसे से प्राप्त होने वाले अनाजों का कम उत्पादन होता है। सारे देश में अस्थिरता एवं अनिश्चितता का माहौल रहता है। शासन एवं प्रशासन की अधिकांश नीतियाँ साधारण प्रजा के दुःखों एवं कष्टों का कारण बनेंगी।

(10) दुर्गेश शनि का फल -

रविसुते गढपालिनी विग्रहे सकलदेशगताश्चलिता जनाः।
विविधवैरि-विशेषित-नागरा कृषिधनं शलभैर्मुषितं भुवि।।

दुर्गेश अर्थात् सेनापति शनि हो, तो अनेक देशों में आन्तरिक दंगों एवं युद्धमय वातावरण से फैली अराजकता से आतंकित लोग अपना निज (निवास) स्थान छोड़कर अन्यत्र पलायन करने के लिए विवश हो जाएंगे। प्रान्तों में विभिन्न समुदाय के लोगों में जातीय एवं साम्प्रदायिक झगड़े तथा टकराव की घटनाएं अधिक होंगी तथा वातावरण अशान्त रहे। कहीं चूहों, विषाक्त कीटाणुओं, टिड्डियों, अनावृष्टि, अतिवृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से कृषि, खड़ी फसलों को भारी हानि हो। **(विशेषकर भाद्रपद-आश्विन मासों में)।**

नोट- वर्ष के उपरोक्त **दशाधिकारियों** का फल यद्यपि सर्वत्र होता है, परन्तु **राजा का फल** विशेष रूप से कश्मीर, बांग्लादेश, अफ़गानिस्तान, चीन, तिब्बत एवं हिमालय के निकटवर्ती क्षेत्र, **मन्त्री का फल** आन्ध्र प्रदेश, मालवा, उज्जैन आदि मध्य प्रदेशों में विशेष फल होता है। वैसे सामान्यतः राजा व मन्त्री का फल देश के प्रायः सभी क्षेत्रों में होता है।

॥ द्वादश राशि फल विक्रम सम्वत् 2082 ॥

मेष-चु, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ।
ता. 29 मार्च से वर्षान्त तक इस राशि पर शनि-साढ़ेसति का प्रभाव रहने से भी वर्षभर व्यर्थ की भागदौड़, मानसिक परेशानियां, कोर्ट-केस तथा अचानक रोग उपस्थित होने के योग रहेंगे । वर्षारम्भ से 17 मई तक राहु द्वादशस्थ रहने से अचानक धन हानि से बचें। ता. 3 अप्रैल से 6 जून तक मगंल पुनः नीच (कर्क) राशिगत संचार करने से इस अवधि में धन-हानि तथा बनते कामों में विघ्न/बाधाएं उत्पन्न होंगी। ता. 6 जून से 27 जुलाई के मध्य मंगल-शनि के मध्य षडाष्टक सम्बन्ध, तदुपरान्त 12 सितम्बर तक सप्तम दृष्टि सम्बन्ध रहने से तनाव एवं उत्तेजना के कारण मन-अशान्त रहे। कठिनता से निर्वाह योग्य आय के साधन बनें, खर्च अधिक हो। ता. 27 अक्टूबर से 6 दिसम्बर तक मंगल अष्टमस्थ रहने से स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। **उपाय- प्रातः एवं सांयकाल श्रीहनुमान चालीसा का पाठ करके श्रीहनुमान मन्दिर में सिन्दूर-तेल-नारियल तथा मिष्ठान्न प्रसाद चढ़ाना शुभ होगा।**

वृष-इ, उ, ए, ओ, व, वि, वु, वे, वो।
वर्षारम्भ से 14 मई तक गुरु का संचार इस राशि पर रहने से मिश्रित फल प्राप्त होंगे। उच्च-प्रतिष्ठित लोगों से मेल-जोल, धार्मिक कार्यों में रुचि, परन्तु किसी निकटस्थ के साथ वाद-विवाद एवं दन्त, त्वचा अथवा बालों से सम्बन्धित रोग की सम्भावना रहे। ता. 29 मार्च से वर्षान्त तक शनि की तृतीय (मित्र) दृष्टि रहने से कुछ सुखद एवं मंगलकारी घटनाएं घटित होंगी। ता. 28 जनवरी से 30 मई तक राशिस्वामी शुक्र मीन (उच्च) राशिगत संचार करने से अकस्मात् धन लाभ के चाँस बनेंगे, परन्तु खर्च भी अधिक रहेंगे। ता. 14 सितम्बर से 8 अक्टूबर तक वाहनादि, घरेलू कार्यों पर खर्च अधिक होगा। ता. 9 अक्टूबर से 1 नवम्बर संघर्षपूर्ण परिस्थितियां बनेंगी। किसी दुष्ट व्यक्ति द्वारा हानि होने के संकेत मिलते हैं। **उपाय - वर्षभर काले वर्ण की गाय की सेवा करें, विशेषकर प्रत्येक मास की अमावस तथा अष्टमी वाले दिन।**

मिथुन-क, कि, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह।
इस राशि से गुरु वर्षारम्भ से 14 मई तक द्वादशस्थ रहने से भूमि, वाहनादि पर विशेष खर्च होंगे। पिता तथा स्त्री-सुख में कमी तथा व्यवसाय में भी खर्च अधिक व लाभ कम होने के संकेत हैं।ता. 14 मई से 18 अक्टूबर तक गुरु इस राशि पर संचार करने से मानसिक तनाव व घरेलू उलझनें अधिक रहेंगी। यद्यपि विद्यार्थियों को विद्या में सफलता के चाँस बनेंगे। ता. 6 जून से 22 जून तक, फिर 15 सितम्बर से २ अक्टूबर तक बुध स्वराशिगत रहने से तनाव के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहे। नवम्बर - दिसम्बर में शत्रु हानि पहुँचाने की चेष्टा करेंगे। **उपाय - 21 शनिवार सूखे नारियल को तेल का टीका लगाकर काली डोरी लपेटकर अपने सिर से 3 बार छुआकर बीज मन्त्र पढ़ते हुए शाम के समय चलते पानी में बहा देवें।**

कर्क-हि, हु, हे, हो, डा, डी, ड, डे, डो।

वर्षारम्भ से 20 जनवरी तक, पुनः 2 अप्रैल से 6 जून तक मंगल का संचार इस राशि पर नीचावस्था में रहेगा। फलस्वरूप इन समयावधियों में अनावश्यक परेशानियां, वृथा दौड़ - धूप, गुप्त चिन्ताएं, रोग, शोक, निकटस्थ बन्धुओं से विरोध एवं आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ता. 29 मार्च के बाद शनि की ढैय्या का अशुभ प्रभाव हट जाने से यद्यपि बिगड़े हुए कार्यों में कुछ सुधार होगा। 5 दिसम्बर से गुरु पुनः 12वें संचार करने से संघर्ष अधिक रहेगा।। **उपाय - 21 मंगलवार का व्रत रखकर प्रसाद चढ़ाना शुभ रहेगा।**

सिंह-म, मि, मु, मे, मो, टा, टि, टू, टे।

वर्षान्त तक शनि की ढैय्या का अशुभ प्रभाव रहेगा। जिससे बनते कार्यों में विलम्ब, रुकावटें रहेंगी, घरेलू परेशानियों के कारण मानसिक तनाव, उचाटता रहेगी। 18 मई से केतु का संचार इस राशि पर होने से मानसिक अशान्ति व चिन्ताएं भी रहेंगी। चोटादि का भी भय है, सावधान रहे। ता. 17 अक्टूबर से 16 नवम्बर तक सूर्य नीच राशि तुला में संचार करने तथा शनि की ढैय्या रहने से प्रारम्भ में गुप्त शत्रु हानि पहुँचाने की चेष्टा करेंगे, घरेलू उलझनें तथा कारोबार में रुकावटों के योग हैं, परन्तु उत्साह एवं पुरुषार्थ में वृद्धि से सभी बाधाएं दूर हो जाएंगी। **उपाय - शनि की दृष्टि तथा ढैय्या के अशुभ प्रभाव के निवारण हेतु हर शनिवार सायंकाल को शनि मन्दिर में तेल, काले तिल चढ़ाना तथा दशरथकृत `शनि स्तोत्रम्` का पाठ करना शुभ रहेगा। रविवार का व्रत रखना, सूर्य भगवान् को मंत्रपूर्वक अर्घ्य देना तथा `आदित्य हृदय स्तोत्र` का पाठ करना शुभ रहेगा।**

कन्या-टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो।

वर्षारम्भ से 18 मई तक इस राशि पर केतु का संचार रहने से उद्विग्न चित्त, भाई-बन्धुओं के सहयोग में कमी, कलह-क्लेश, स्त्री (पति) से वैमनस्य, वातादि रोगों से कष्ट रहेगा। वर्षारम्भ से 14 मई तक गुरु की भी अशुभ दृष्टि रहने से गुप्त शत्रु हानि पहुँचाने के प्रयास में रहेंगे। ता. 21 जनवरी से 2 अप्रैल तक मंगल की चतुर्थ दृष्टि होने से मानसिक तनाव, उत्तेजना एवं शरीर कष्ट का भय होगा। ता. 29 मार्च से वर्षान्त तक शनि की भी दृष्टि रहने से रोग एवं शत्रुभय रहे। ता. 28 जुलाई से 13 सितम्बर के मध्य मंगल इसी राशि पर संचार करने से चोट आदि लगने का भय है और मन को परेशान करने वाली घटनाएं होंगी। तनाव व अशान्ति बनेगी। **उपाय - प्रत्येक शनिवार शनि मन्दिर में तेल, तिल चढ़ाना और दशरथकृत `शनि-स्तोत्र` का पाठ करना शुभ रहेगा।**

तुला-रा, री, रु, रे, रो, ता, ति, तु, ते।
2 अप्रैल से 6 जून तक इस राशि पर मंगल की चतुर्थ दृष्टि रहने से परिश्रम उत्साह से कार्य करने से यथेष्ट लाभ होगा, वाहनादि सावधानीपूर्वक चलाएँ। ता. 2 मार्च से 12 अप्रैल तक राशिस्वामी शुक्र वक्री रहने तथा 13 अप्रैल से 14 मई के मध्य इस राशि पर सूर्य की नीच दृष्टि रहेगी। जिससे बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी। 14 मई से 19 अक्टूबर तक गुरु की शत्रु पंचम दृष्टि रहने से व्यवसाय एवं नौकरी में नित्य नई परेशानियां उपस्थित हो, शत्रु हानि पहुँचाएंगे। ता. 31 मई से 29 जून तक राशिस्वामी शुक्र की स्वगृही दृष्टि, 29 जून से 25 जुलाई तक शुक्र अष्टमस्थ (स्वराशि) होने से धन लाभ, शुभ यात्रा, प्रिय बन्धुओं से मिलाप आदि शुभ फल प्राप्त होंगे। परन्तु स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। ता. 9 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक शुक्र कन्या (नीच) राशि में संचार करने से आय कम व खर्च अधिक रहेंगे। ता. 5 दिसम्बर से गुरु की पुनः शत्रु दृष्टि रहने से घरेलू एवं व्यवसाय में नई-नई उलझनें/समस्याएँ उत्पन्न होंगी। **उपाय - 21 शुक्रवार श्रीदुर्गा-पूजन, 5 कन्या पूजन, उन्हें खीर सहित श्वेत वस्तुएं देना एवं गौशाला में शुक्रवार से शुरु करके सात दिन तक गाय को हरा चारा, गुड़ डालना शुभ होगा।**

वृश्चिक-तो, न, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू।
2 अप्रैल से 6 जून तक नीच राशिस्थ संचार करने से मानसिक तनाव, व्यर्थ की परेशानियां एवं भागदौड़, खर्च अधिक एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी कष्ट भी रहेगा। यद्यपि वर्षारम्भ से 14 मई तक गुरु की इस राशि पर मित्र दृष्टि रहने से रुकावटों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि एवं आय के साधन बढ़ेंगे। सन्तान सम्बन्धी सुखों में भी वृद्धि होगी।
6 जून से 28 जुलाई के मध्य इस राशि पर मंगल की स्वगृही चतुर्थ दृष्टि रहने से संघर्ष के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। खर्च भी रहेंगे। ता. 27 अक्टूबर से 7 दिसम्बर तक मंगल इस राशि पर स्वराशिगत होकर संचार करने से मान-सम्मान में वृद्धि, धन-लाभ तथा नई-नई योजनाएं बनेंगी। **उपाय - शनि मन्दिर में काले तिल एवं तेल (शनि का बीज मन्त्र पढ़ते हुए) चढ़ाना शुभ रहेगा।**

धनु-ये, यो, भा, भी, भू, ध, फ, ढ, भे।
वर्षारम्भ से 14 मई तक राशिस्वामी गुरु षष्ठ भाव में शत्रुराशिगत संचार करने से अनावश्यक खर्च, निकटस्थ बन्धुओं से कलह-क्लेश व तनाव रहेगा। बिगड़े हुए कार्यों के पूरे होने में अभी विलम्ब होगा। ता. 29 मार्च से इस राशि पर शनि की ढैय्या का भी प्रभाव रहने से व्यवसाय सम्बन्धी मानसिक तनाव, घरेलू उलझनें रहने की सम्भावनाएं रहेंगी। परन्तु 14 मई से राशिस्वामी गुरु की सप्तम दृष्टि 18 अक्टूबर तक रहने से बीच-बीच में पारिवारिक खुशी का वातावरण बनता रहेगा। गतवर्षीय कोई रुका हुआ काम बनेगा। 18 अक्टूबर से 5 दिसम्बर के मध्य राशिपति गुरु कर्क राशि (उच्चस्थ) में आने से अकस्मात् धन प्राप्ति के योग हैं, परन्तु स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। शनि की दृष्टि (ढैय्या) के कारण विघ्न-बाधाओं का भी सामना रहेगा। शत्रु हानि पहुँचाने की चेष्टाएं करेंगे।। **उपाय - लगभग सारा वर्ष बृहस्पतिवार का विधिपूर्वक व्रत रखना तथा पीले वर्ण का पुखराज धारण करना शुभ होगा।**

मकर-भो, ज, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी।
वर्षारम्भ से 6 जून तक मंगल की विशेष उच्च दृष्टि तथा 14 मई तक गुरु की नीच दृष्टि रहेगी। फलस्वरूप संघर्षपूर्ण परिस्थितियां रहेंगी परन्तु विशेष परिश्रम एवं उद्यम करने पर यथानुकूल लाभ प्राप्त होगा। ता. 13 अप्रैल से 13 मई तक सूर्य चतुर्थस्थ उच्चस्थ संचार करने से धन लाभ व उन्नति के अवसर मिलेंगे। ता. 14 मई से 14 जून तक सूर्य पंचमस्थ होने से, सूर्य-शनि के मध्य दृष्टि सम्बन्ध रहने से निकट भाई- बन्धुओं के साथ सम्बन्धों में तनाव, क्रोध की भावना रहेगी। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी। ता. 16 जुलाई से 15 अगस्त तक इस राशि पर सूर्य की दृष्टि तथा 20 अगस्त से 14 सितम्बर तक शुक्र की सप्तम दृष्टि रहने से बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी। ता. 18 अक्टूबर से 5 दिसम्बर तक पुनः इस राशि पर गुरु की नीच सप्तम दृष्टि रहने से यह अवधि भी विशेष संघर्षपूर्ण एवं कठिन परिस्थितियों में से गुजरेगी। केतु अष्टमस्थ रहने से भी अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। **उपाय - प्रत्येक बृहस्पतिवार गरीब लोगों को पीले मीठे चावलों सहित भोजन करवाएं।**

कुम्भ-गू, गे, गो, स, सी, सू, से, सो, द।
कुम्भ राशि पर 'शनि-साढ़ेसाती' का प्रभाव अभी वर्षभर रहेगा। यद्यपि 29 मार्च से शनि का संचार इस राशि से हट जाएगा। राशिस्वामी शनि 29 मार्च से वर्षान्त तक द्वितीयस्थ मीन राशि में संचार करेगा। 18 मई से वर्षान्त तक राहु का संचार इस राशि पर रहने से कार्यों में विलम्ब, व्यर्थ की भागदौड़ तथा एकाग्रता की कमी रहेगी। व्यवसाय में विशेष उतार-चढ़ाव होंगे, परन्तु ध्यान रहे, 14 मई से 18 अक्टूबर तक इस राशि पर गुरु की भी शुभ दृष्टि रहने से बिगड़ते हुए कार्य अचानक किसी के सहयोग से पूर्ण होंगे। ता. 16 सितम्बर से 16 अक्टूबर के मध्य सूर्य-शनि के मध्य समसप्तक योग बनने से व्यवसाय व गृह सम्बन्धी उलझनें बढ़ेंगी। दुर्घटना से चोटादि लगने का भी भय है। स्वास्थ्य कष्ट तथा परिवार में मनमुटाव रहे। **उपाय - वर्षभर प्रत्येक मास की श्रीगणेश चतुर्थी का व्रत रखकर लड्डुओं आदि का भोग लगाना शुभ रहेगा। प्रत्येक शनिवार को शिव मन्दिर में शिवलिङ्ग पर कच्ची लस्सी, बिल्वपत्र, 1 चुटकी शक्कर डालकर (ॐ नमः शिवायः) मन्त्र पढ़कर अभिषेक करें। तदुपरान्त पीपल को भी जल अर्पण करें।**

मीन-दि, दु, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि।
मीन राशि पर शनि-साढ़ेसाती का प्रभाव वर्षभर रहेगा। वर्षारम्भ से 18 मई तक इस राशि पर राहु का संचार तथा 29 मार्च से शनि का संचार भी इस राशि पर रहने से व्यवसाय एवं घरेलू स्तर पर बड़ी पेचीदा समस्याएँ उपस्थित होती रहेंगी। निकटस्थ पति/पत्नी में अथवा भाई- बन्धुओं के साथ तनाव की स्थिति रहे। अपने भी परायों जैसा व्यवहार करेंगे। ता. 6 जून से 13 सितम्बर तक मंगल की दृष्टि इस राशि पर रहने से भूमि, जायदाद, सन्तानादि सुखों में वृद्धि कारक होगा। 14 मई से 18 अक्टूबर के मध्य राशिस्वामी गुरु चतुर्थ भावस्थ (मिथुन) रहने से माता-पिता से लाभ तथा उन्हें भी तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। ता. 18 अक्टूबर से 5 दिसम्बर तक राशिपति गुरु पंचम भाव में उच्चस्थ होकर संचार करने से उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क रहेंगे। धार्मिक कार्यों में रूचि बढ़ेगी।। **उपाय - प्रतिदिन गुरु गायत्री मन्त्र का 108 बार जप करके भगवान् सूर्य को 'ॐ घृणि सूर्याय नमः' मन्त्र पढ़कर अर्घ्य प्रदान करना। गुरु गायत्री मन्त्र - ॐ परब्रह्मणे विद्महे गुरु देवाय धीमहि तन्नो गुरु प्रचोदयात्।।**

✻ प्रमुख व्रत–त्यौहार, व्रत एवं छुट्टियाँ (2025 ई०) ✻

दिनाङ्क	वार	पर्व
30 मार्च	**रवि**	**वि. संवत् 2082 शुरु, चैत्र (वासन्त) नवरात्र आरम्भ, तैलाभ्यंग, ध्वजारोहण।**
31 मार्च	सोम	गौरी तृतीया (गणगौर)
2 अप्रैल	बुध	श्री (लक्ष्मी) पंचमी, हय व्रत, नाग पंचमी।
3 अप्रैल	गुरु	स्कन्द षष्ठी व्रत।
5 अप्रैल	शनि	अशोकाष्टमी, श्री दुर्गाष्टमी, भवान्युत्पत्ति।
6 अप्रैल	**रवि**	**वासन्त नवरात्र समाप्त, श्री रामनवमी।**
7 अप्रैल	**सोम**	**नवरात्र व्रत पारणा।**
8 अप्रैल	मंगल	लक्ष्मीकान्त दोलोत्सव।
9 अप्रैल	बुध	श्रीविष्णु दमनोत्सव।
10 अप्रैल	गुरु	अनङ्ग त्रयोदशी, श्रीमहावीर जयन्ती (जैन)।
11 अप्रैल	शुक्र	शिव दमनोत्सव।
12 अप्रैल	**शनि**	**श्री हनुमान जयंती (दक्षिण), वैशाखस्नान प्रारम्भ।**
13 अप्रैल	**रवि**	**बैशाखी-पर्व (पं.)।**
18 अप्रैल	शुक्र	गुड फ्राइडे (क्रिश्चि.)
29 अप्रैल	मंगल	भगवान् परशुराम जयंती।
30 अप्रैल	**बुध**	**अक्षय-तृतीया, केदार-बद्री यात्रा प्रारम्भ।**
2 मई	**शुक्र**	**आद्यगुरु शंकराचार्य जयंती।**
3 मई	शनि	श्रीगङ्गा-जयन्ती।
5 मई	सोम	श्रीबगलामुखी जयन्ती, जानकी-जयन्ती।
11 मई	रवि	श्री नृसिंह-जयन्ती।
12 मई	सोम	श्रीकूर्म-जयन्ती, बैशाख-बुद्ध पूर्णिमा, बैशाख स्नान समाप्त।
23 मई	शुक्र	भद्रकाली एकादशी।
26 मई	सोम	शनैश्चर-जयन्ती (सायं व्या.) वटसावित्री व्रत (अमा.पक्ष)
27 मई	मंगल	ज्येष्ठ, भावुका अमावस।
29 मई	गुरु	रम्भा तृतीया व्रत।
1 जून	रवि	अरण्य षष्ठी, विन्ध्यवासिनी पूजा।
3 जून	मंगल	श्री दुर्गाष्टमी, धूमावती जयन्ती, मेला क्षीर-भवानी (कश्मीर)।
5 जून	**गुरु**	**श्री गङ्गा-दशहरा पर्व।**
6 जून	**शुक्र**	**निर्जला एकादशी व्रत (स्मार्त्त)।**

✻ प्रमुख व्रत–त्यौहार, व्रत एवं छुट्टियाँ (2025 ई०) ✻

दिनाङ्क	वार	पर्व
7 जून	शनि	निर्जला एकादशी व्रत (वैष्ण.)।
10 जून	मंगल	वट्सावित्री व्रत (पूर्णिमा)।
11 जून	बुध	ज्येष्ट पूर्णिमा, सन्त कबीर जयन्ती।
21 जून	शनि	सायन दक्षिणायन शुरु।
26 जून	गुरु	गुप्त नवरात्र प्रारम्भ।
27 जून	शुक्र	श्रीजगन्नाथ रथ-यात्रा-पुरी।
30 जून	सोम	कुमार-षष्ठी।
1 जुलाई	मंगल	विवस्वत सप्तमी।
4 जुलाई	**शुक्र**	**गुप्त नवरात्र समाप्त।**
6 जुलाई	**रवि**	**हरिशयनी एकादशी व्रत, श्री विष्णुशयनोत्सव, चतुर्मास्यि व्रत, नियम शुरु।**
10 जुलाई	गुरु	श्रीशिवशयनोत्सव, कोकिला व्रत, गुरुपूर्णिमा, व्यास पूजा।
14 जुलाई	**सोम**	**श्रावण सोमवार व्रत आरम्भ।**
23 जुलाई	**बुध**	**श्रावण-शिवरात्रि।**
24 जुलाई	**गुरु**	**हरियाली अमावस्या।**
25 जुलाई	शुक्र	मे.चिन्तपूर्णी-हि. प्र. आरम्भ।
27 जुलाई	रवि	मधुश्रवा-हरियाली तीज।
29 जुलाई	मंगल	नाग-पंचमी।
30 जुलाई	बुध	श्रीकल्कि-जयन्ती।
31 जुलाई	गुरु	गो. तुलसीदास जयन्ती।
1 अगस्त	**शुक्र**	**श्रीदुर्गाष्टमी। मे.चिन्तपूर्णी-हि.प्र. समाप्त।**
9 अगस्त	**शनि**	ऋक-उपाकर्म, यजु-अथर्ववेदि उपाकर्म, श्रावण पूर्णिमा,**रक्षाबन्धन (राखी), श्रीअमरनाथ यात्रा समाप्त।**
12 अगस्त	**मंगल**	**कज्जली तृतीया, अङ्गारकी श्रीगणेश चतुर्थी, बहुला चतुर्थी।**
14 अगस्त	गुरु	चन्दन षष्ठी व्रत।

✻ प्रमुख व्रत-त्यौहार, व्रत एवं छुट्टियाँ (2025 ई०) ✻

दिनाङ्क	वार	पर्व
15 अगस्त	**शुक्र**	**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत, स्वतन्त्रता दिवस।**
16 अगस्त	**शनि**	**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी (वैष्णव)।**
17 अगस्त	रवि	गोकुलाष्टमी, नन्दोत्सव, श्रीगुग्गा नवमी।
20 अगस्त	बुध	वत्स द्वादशी (पूजा)
22 अगस्त	शुक्र	पिठोरी अमावस्या।
23 अगस्त	शनि	कुशाग्रहणी अमावस्या।
26 अगस्त	मंगल	सामवेदि उपाकर्म, हरितालिका तृतीया, कलंक चतुर्थी।
27 अगस्त	बुध	सिद्धि विनायक व्रत।
28 अगस्त	गुरु	ऋषि पंचमी व्रत।
29 अगस्त	शुक्र	सूर्य षष्ठी व्रत।
30 अगस्त	शनि	मुक्ताभरण-सन्तान सप्तमी।
31 अगस्त	रवि	श्रीराधाष्टमी, श्रीमहालक्ष्मी व्रत शुरु, दुर्वाष्टमी व्रत।
1 सितम्बर	सोम	श्री चन्दन नवमी (उदासीन)।
4 सितम्बर	गुरु	श्रीवामन -जयन्ती।
6 सितम्बर	शनि	अनन्त चतुर्दशी व्रत, मेला सोढल, जालंधर (पं.)
7 सितम्बर	रवि	प्रोष्ठपदी-पूर्णिमा श्राद्ध, महालय प्रारम्भ,खग्रास चन्द्रग्रहण।
8 सितम्बर	सोम	पितृपक्ष (श्राद्ध) प्रारम्भ।
14 सितम्बर	रवि	श्रीमहालक्ष्मी व्रत समाप्त।
21 सितम्बर	रवि	महालय/श्राद्ध समाप्त, सर्वपितृ श्राद्ध।
22 सितम्बर	**सोम**	**शरद् नवरात्र प्रारम्भ।**
26 सितम्बर	शुक्र	उपाङ्ग ललिता व्रत।
29 सितम्बर	सोम	सरस्वती आवाहन।
30 सितम्बर	मंगल	सरस्वती पूजन, श्री दुर्गाष्टमी।
1 अक्टूबर	**बुध**	**महानवमी (व्रत, पूजा, बलिदान हेतु), सरस्वती बलिदान, नवरात्र समाप्त।**
2 अक्टूबर	**गुरु**	**महात्मा गाँधी जयन्ती, विजयादशमी (दशहरा), सरस्वती-विसर्जन, नवरात्र व्रत पारणा।**
3 अक्टूबर	**शुक्र**	**भरत-मिलाप।**
6 अक्टूबर	सोम	शरद् पूर्णिमा व्रत, कोजागर व्रत।
7 अक्टूबर	मंगल	महर्षि श्रीवाल्मीकि जयंती, कार्तिकस्नान प्रारम्भ।
10 अक्टूबर	शुक्र	व्रत करवा-चौथ।
13 अक्टूबर	सोम	अहोई अष्टमी व्रत।

✻ प्रमुख व्रत–त्यौहार, व्रत एवं छुट्टियाँ (2025 ई०) ✻

दिनाङ्क	वार	पर्व
17 अक्टूबर	शुक्र	गोवत्स द्वादशी।
18 अक्टूबर	**शनि**	**धन त्रयोदशी, यम प्रीत्यर्थं दीपदान।**
19 अक्टूबर	रवि	श्रीहनुमान जयंती (उ.भारत)।
20 अक्टूबर	सोम	नरक-चतुर्दशी।
21 अक्टूबर	**मंगल**	**दीपावली, महालक्ष्मी पूजन, कार्तिक अमावस।**
22 अक्टूबर	बुध	अन्नकूट-गोवर्धन पूजा, बलि-पूजा, गोक्रीडा, विश्वकर्मा दिवस (पं.)
23 अक्टूबर	**गुरु**	**भाईदूज, यमद्वितीया, श्रीविश्वकर्मा-पूजन।**
27 अक्टूबर	**सोम**	**सूर्य षष्ठी पर्व (बिहार)।**
30 अक्टूबर	गुरु	गोपाष्टमी।
31 अक्टूबर	शुक्र	अक्षय-कूष्माण्ड नवमी।
1 नवम्बर	शनि	भीष्मपंचक प्रारम्भ, हरिप्रबोधिनी एका. (स्मा.)
2 नवम्बर	**रवि**	**हरिप्रबोधोत्सव, तुलसी विवाह, चातुर्मास्य व्रतादि समा.।**
3 नवम्बर	**सोम**	**वैकुण्ठ चतुर्दशी।**
5 नवम्बर	बुध	त्रिपुरोत्सव, कार्तिक पूर्णिमा, भीष्मपंचक समाप्त, श्री गुरु-नानक जयन्ती, कार्तिकस्नान समाप्त।
6 नवम्बर	गुरु	पद्मक योग।
12 नवम्बर	बुध	श्रीकालभैरवाष्टमी।
26 नवम्बर	बुध	स्कन्द-गुह षष्ठी, चम्पा-षष्ठी (महाराष्ट्र)।
27 नवम्बर	गुरु	मित्र (विष्णु) सप्तमी।
1 दिसम्बर	**सोम**	**मोक्षदा एकादशी व्रत, श्री गीता-जयन्ती।**
4 दिसम्बर	गुरु	श्री दत्तात्रेय जयन्ती।
12 दिसम्बर	शुक्र	रूक्मणी अष्टमी।
21 दिसम्बर	रवि	सूर्य उत्तरायण में।
25 दिसम्बर	गुरु	**श्री ओंकारानन्द जयन्ती। ओंकारानन्द महोतस्व आरम्भ 25 से 31 दिसम्बर तक।** तुलसी पूजन महोत्सव।
27 दिसम्बर	शनि	मार्तण्ड-सप्तमी, श्रीगुरु गोविन्द सिंह जयंती।
30 दिसम्बर	मंगल	पुत्रदा एका. (स्मार्त)।

✻ प्रमुख व्रत–त्यौहार, व्रत एवं छुट्टियाँ (2026 ई०) ✻

दिनाङ्क	वार	पर्व
		जनवरी 2026
3 जनवरी	शनि	पौष पूर्णिमा, माघस्नान प्रारम्भ।
6 जनवरी	**मंगल**	**श्रीगणेश संकष्ट चतुर्थी।**
13 जनवरी	**मंगल**	**लोहड़ी पर्व।**
14 जनवरी	**बुध**	**मकर (माघ) संक्रान्ति।**
18 जनवरी	**रवि**	**माघ (मौनी) अमावस।**
19 जनवरी	**सोम**	**गुप्त नवरात्र प्रारम्भ।**
21 जनवरी	बुध	गौरी तृतीया (गोंतरी)
22 जनवरी	गुरु	तिल-कुन्द चतुर्थी।
23 जनवरी	शुक्र	वसन्त (श्री) पंचमी, लक्ष्मी-सरस्वती पूजन।
25 जनवरी	रवि	आरोग्य-पुत्र सप्तमी, रथसप्तमी (पूर्वारुणोदाय वाली)
26 जनवरी	सोम	भीष्माष्टमी, गणतन्त्र दिवस (77वाँ)।
27 जनवरी	**मंगल**	**गुप्त नवरात्र समाप्त।**
29 जनवरी	गुरु	भीष्म-द्वादशी, तिल 12।
1 फरवरी	रवि	माघ पूर्णिमा, माघस्नान समाप्त, श्रीगुरु रविदास जयन्ती।
12 फरवरी	गुरु	स्वा.दयानन्द सरस्वती जयन्ती।
15 फरवरी	**रवि**	**श्रीमहाशिवरात्रि व्रत।**
24 फरवरी	**मंगल**	**होलाष्टक प्रारम्भ, अन्नपूर्णा-अष्टमी।**
28 फरवरी	शनि	गोविन्द-द्वादशी।
2 मार्च	सोम	होलिका-दहन (भद्रा-पुच्छे)
3 मार्च	**मंगल**	**ग्रस्तोदय खग्रास चंद्रग्रहण, होलाष्टक समाप्त, होली-पर्व।**
4 मार्च	**बुध**	**वसन्तोत्सव, होला मेला (श्रीआनन्दपुर व पांओटा साहिब)**
8 मार्च	रवि	श्रीरंग-पंचमी।
11 मार्च	बुध	शीतलाष्टमी व्रत।
17 मार्च	मंगल	वारुणी पर्व, मेला पिहोवातीर्थ (हरि.)।
19 मार्च	गुरु	**वि.संवत् 2082 पूर्ण, वि.संवत् 2083 आरम्भ, चैत्र (वासन्त) नवरात्र प्रारम्भ।**

॥ संदिग्ध प्रमुख व्रत–पर्वों का शास्त्रीय निर्णय वि.सं. 2082॥

(1) निर्जला एकादशी व्रत (ज्येष्ठ शुक्ल)-(6-7 जून)

द्वादशी तिथि की वृद्धि हो जाने पर स्मार्त्त (गृहस्थी) द्वादशीयुता एकादशी वाले दिन और वैष्णव सम्प्रदाय वाले षष्ठिघट्यात्मक (६० घड़ी) द्वादशी के दिन व्रत करते हैं दशमी तिथि द्वारा अरुणोदय के वेध और अवेध-दोनों स्थितियों में यह नियम समान रूप से चरितार्थ होगा।

यहाँ माधव मतानुसार स्मार्तों का व्रत द्वादशीयुता एकादशी वाले दिन तथा वैष्णवों का व्रत षष्ठिघट्यात्मक (60 घड़ी) द्वादशी वाले दिन होना चाहिए। जबकि हेमाद्रि, पद्मपुराण, नारद के मतानुसार स्मार्त्तों (गृहस्थियों) और वैष्णव (संन्यासी, दीक्षित, विधवा आदि) सम्प्रदाय वालों-दोनों का व्रत षष्ठिघट्यात्म द्वादशी के दिन होना चाहिए। **सर्वत्रैकादशी कार्या द्वादशीमिश्रिताः नरैः** (पद्मपुराण)। मार्कण्डेय के वचनानुसार भी सन्देह होने पर द्वादशी में ही उपवास करें।- **'संधिग्धेषु च वाक्येषु द्वादशीं समुपोषयेत्।।'** तथा **'विवादेषु च सर्वेषु द्वादश्यां समुपोषणम् ।।' पारणं च त्रयोदश्यामाज्ञेयम्।** इस वर्ष ज्येष्ठ शुक्ल द्वादशी की वृद्धि हुई है। यह 7 जून, 2025 ई. को अहोरात्रव्यापिनी है। **अतः उपरोक्त बहुसम्मत् माधवमतानुसार इस वर्ष निर्जला एकादशी स्मार्त्तों (गृहस्थियों) हेतु 6 जून, शुक्रवार को तथा वैष्णव सम्प्रदाय हेतु 7 जून, शनिवार, 2025 ई. को लिखी गई है।**

******

(2) श्रीकृष्ण-जन्माष्टमी (भाद्रपद कृष्ण 8) (15-16 अगस्त, 2025 ई.)

प्रस्तुत वर्ष 15 अगस्त, 2025 ई. शुक्रवार को सप्तमी तिथि रात्रि 23:50 तक है। तदुपरान्त अर्धरात्रि में अष्टमी तिथि व्याप्त है। अतएव गृहस्थी आदि स्मार्त लोगों को व्रत, पूजन, चन्द्रमा को अर्घ्य देना, झूला-झुलाना आदि के यही दिन प्रशस्त होगा। **16 अगस्त 2025 ई. को अष्टमी तिथि रात्रि 21:35 तक ही है अर्थात् अर्धरात्रि के समय नवमी तिथि व्याप्त है।** प्रातः 11:44 के बाद वृष राशिस्थ चन्द्रमा रहेगा। मथुरा, वृन्दावन सहित उ.प्र, बिहार, महाराष्ट्र आदि प्रदेशों में उदयकालिक अष्टमी (नवमीयुता) के दिन ही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाते है एवं पहले दिन अर्धरात्रि व्यापिनी अष्टमी को सप्तमीविद्धा मानकर त्याग देते है।

******

(3) कलंक-चतुर्थी (चन्द्रदर्शन निषेध) (26-27 अगस्त)

इस वर्ष (वि. संवत् 2082) '**सिद्धि विनायक व्रत**' मध्याह्न-व्यापिनी 27 **अगस्त, बुधवार को है।** परन्तु चतुर्थी तिथि 26 अगस्त, मंगलवार की दोपहर $13^{\text{घं.}}$-$55^{\text{मिं.}}$ से प्रारम्भ हो रही है तथा इसदिन चतुर्थी के समय ही रात्रि $20^{\text{घं.}}$-$34^{\text{मिं.}}$ पर चन्द्रास्त होगा। जबकि 27 अगस्त को चतुर्थी तिथि दोपहर बाद $15^{\text{घं.}}$-$45^{\text{मिं.}}$ तक ही है तथा इस दिन चन्द्रास्त $21^{\text{घं.}}$-$00^{\text{मिं.}}$ पर होगा, जबकि उस समय पंचमी तिथि व्याप्त होगी। **इस प्रकार उत्तरी भारत में तो लोग शास्त्रनिर्देशानुसार 26 अगस्त, मंगलवार को ही चन्द्रदर्शन का निषेध मानेंगे।** परन्तु महाराष्ट्र आदि कुछ राज्यों में 27 अगस्त, बुधवार को चन्द्रदर्शन निषेध का विचार करेंगे तथा कलंक चतुर्थी, पत्थर चौथ आदि इसी दिन मनाई जायेगी।

******

(4) करक चतुर्थी (करवा-चौथ व्रत) (10 अक्टूबर, शुक्रवार)

प्रस्तुतवर्ष 9 अक्टूबर, गुरुवार को तृतीया तिथि रात्रि 22:55 तक व्याप्त रहेगी। चन्द्रोदय लगभग सारे भारत में तृतीया तिथिकालीन 19घं. 15 मिं. से 20घं.-00मिं. तक हो जाएगा। परन्तु 10 अक्टूबर, शुक्रवार को चतुर्थी तिथि रात्रि 19घं. 39 मिं. तक ही व्याप्त रहेगी। सम्पूर्ण भारत में इसदिन चन्द्रोदय (सुदूर पूर्वी-भारत को छोड़कर) चतुर्थी तिथि की समाप्ति 19घं.-39मि. के बाद ही होगा। दोनों दिन चतुर्थी तिथि चन्द्रोदय का स्पर्श नहीं कर रही है। (अर्थात् चन्द्रोदय के समय चतुर्थी तिथि नहीं होगी।) अतः **शास्त्रीय-निर्णयानुसार करक-चतुर्थी व्रत (करवा चौथ) दूसरे दिन ही (अर्थात् 10 अक्टूबर, शुक्रवार) किया जाएगा।**

******

(5) कार्तिक शुक्ल (हरिप्रबोधिनी) एकादशी व्रत (1/2 नवम्बर, 2025)

एकादशी द्वादशी च रात्रिशेषे त्रयोदशी।
उपवासं न कुर्वीत पुत्रपौत्रसमन्वितः॥

इस वर्ष एकादशी-द्वादशी-त्रयोदशी-इन तिथियों का एकत्र (एक ही वार में संगम) होने के कारण स्मार्त्तों (गृहस्थियों) का 'देवप्रबोधिनी एकादशी व्रत' विशेष नियमानुसार 1 नवम्बर, 2025 ई. को सूर्योदय-वेधवती दशमी के दिन शनिवार को लिखा गया है, जो सर्वथा शास्त्रीय है, जबकि वैष्णवों का व्रत 2 नवम्बर, रविवार को होगा।

(6) वैकुण्ठ चतुर्दशी (3/4 नवम्बर, 2025)

कार्तिक शुक्ल-चतुर्दशी को "वैकुण्ठ-चतुर्दशी" मनाई जाती है। कुछ श्रद्धालुजन इस दिन उपवास रखकर रात्रि में जागरण करके भगवान विष्णु की पूजा करते हैं। ये लोग निशीथव्यापिनी चतुर्दशी स्वीकार करते है तथा कुछ अन्य श्रद्धालु जन पहले दिन उपवास करके अरुणोदय-व्यापिनी चतुर्दशी में शिवपूजा करके बाद में अरुणोदय के समय पूजा, फिर पारण करते है। इस वर्ष यह चतुर्दशी 3/4 नवम्बर, 2025 ई. को अरुणोदय व्यापिनी है, अतः यह पर्व इसी दिन होगा।

(7) होलिका दहन का समय (2 मार्च, सोमवार, 2026 ई.)

इस वर्ष (वि. संवत् 2082 में) फाल्गुन पूर्णिमा केवल 2 मार्च, 2026 ई. को ही प्रदोषव्यापिनी है। ता. 3 मार्च को तो वह प्रदोष को बिल्कुल स्पर्श नहीं कर रही। ता. **2 मार्च, 2026 ई. को प्रदोषकाल जोकि लगभग 18:22 से 20:53 तक रहेगा**, भद्रा से व्याप्त है और भद्रा निशीथ (अर्द्धरात्रि) से कहीं आगे जाकर अगले दिन प्रातः 5:32 (29:32) तक जाकर समाप्त हो रही है। अतः शास्त्र निर्देशानुसार इस वर्ष होलिकादहन 2 मार्च, 2026 ई. को भद्रा के मुख को त्यागकर भद्रा में ही करना होगा। इसदिन भद्रा का मुख 26:38 (मार्च 3, 2026 के प्रातः 2:35) से 28:34 (मार्च 3, 2026 के प्रातः 4:34) तक है। इस प्रकार स्पष्ट है, इसदिन भद्रामुख प्रदोष से बहुत दूर अर्धरात्रि के भी बाद विद्यमान् है। **अतः 2 मार्च, 2026 ई. को भद्रामुख/पुच्छ का विचार न करके भद्रा में ही प्रदोषकाल में होलिका-दहन' करना शास्त्रसम्मत ही होगा।**

(8) वासन्त (चैत्र) नवरात्रारम्भ (वि.सं. 2083 प्रारम्भ) (19 मार्च, 2026 ई., गुरुवार)

वि. संवत् 2083 में चैत्र (वासन्त) नवरात्रों का प्रारम्भ 19 मार्च, 2026 ई. को ही हो जाएगा, क्योंकि यहाँ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि का क्षय हुआ है। प्रतिपदा के क्षय की स्थिति में नव चान्द्र विक्रमी संवत् एवं नवरात्र-आरम्भ अमावस-युक्त प्रतिपदा से ही किए जाएंगे। इसदिन प्रातः 6 बजकर 53 मिनट तक अमावस, तदुपरान्त चैत्र नवरात्रों का प्रारम्भ होगा। **'निर्णयसिन्धुः' का वचन है-" (नवरात्रारम्भ) परदिने प्रतिपदोऽत्यन्ताऽसत्त्वे तु दर्शयुतापि पूर्वैव (प्रतिपद्) ग्राह्या॥"**

******

✻ ग्रहण विवरण विक्रम सम्वत् 2082 ✻

(1) खग्रास चन्द्रग्रहण (7 सितम्बर, 2025 ई.)

यह ग्रहण भाद्रपद पूर्णिमा को 7 एवं 8 सितम्बर 2025 ई की मध्यगत रात्रि को सम्पूर्ण भारत में खग्रास रूप में दिखाई देगा।

इस ग्रहण का स्पर्श-मोक्षादि काल भा.स्टै.टा. में इस प्रकार हैं-

	घं.	मिं.	
ग्रहण स्पर्श	**21**	**57**	**7/8 सितम्बर, 2025 ई. की मध्यगत रात्रि (भा.स्टैं.टा. अनुसार)**
ग्रहण प्रारम्भ	**23**	**01**	
ग्रहण मध्य	**23**	**42**	
खग्रास समाप्त	**24**	**23**	
ग्रहण समाप्त	**25**	**26**	

ग्रहण की अवधि = $3^{\text{घं.}}$-$29^{\text{मि.}}$, ग्रासमान = 1.362 प्रतिशत

चन्द्रमालिन्यारम्भ = $20^{\text{घं.}}$-$58^{\text{मि.}}$ / चन्द्र क्रान्ति निर्मल = $26^{\text{घं.}}$-$25^{\text{मि.}}$

भारत में जब 7 सितम्बर 2025 ई. की रात्रि 9 बजकर 57 मिनट पर चन्द्रग्रहण शुरु होगा अथवा $20^{\text{घं.}}$-$58^{\text{मि.}}$ पर चन्द्र मालिन्य आरम्भ होगा। उस समय से बहुत पहले ही सम्पूर्ण भारत में चन्द्र-उदय हो चुका होगा। भारत के सभी नगरों में 7 सितम्बर को सायं 6 बजे से 7 बजे तक चन्द्रोदय हो जायेगा तथा यह खग्रास चन्द्रग्रहण 7 सितम्बर की रात्रि 21:57 से आरम्भ होकर रात्रि 25:26 (अर्थात् 1 बजकर 26 मिनट) पर समाप्त हो जायेगा। भारत के सभी नगरों में इसका आरम्भ, मध्य तथा मोक्ष रूप देखा जा सकेगा।

ग्रहण का सूतक – इस ग्रहण का सूतक **7 सितम्बर 2025 ई. को दोपहर $12^{\text{घं.}}$-$57^{\text{मि}}$** (भा.स्टैं.टा.) प्रारम्भ हो जायेगा।

✻✻✻✻✻

(2) खग्रास (ग्रस्तोदय) चन्द्रग्रहण (3 मार्च, 2026 ई., मंगलवार)

यह खग्रास चन्द्रग्रहण फाल्गुनी पूर्णिमा मंगलवार को 3 मार्च, 2026 ई. के दिन सम्पूर्ण भारत में ग्रस्तोदय रूप में दिखाई देगा। अर्थात् भारत के किसी भी नगर में जब चन्द्रोदय होगा, उससे बहुत ही पहले यह खग्रास चन्द्रग्रहण आरम्भ हो चुका होगा। **भारत के किसी भी क्षेत्र में इस खग्रास चन्द्रग्रहण का आरम्भ, खग्रास आरम्भ तथा ग्रहण-मध्य (परमग्रास) नहीं देखा जा सकेगा।**

भारत के केवल सुदूर पूर्वी राज्यों (बंगाल के उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों, नागालैण्ड, मिज़ोरम, असम, मणिपुर, अरु.प्रदेश आदि) में इस ग्रहण की खग्रास समाप्ति तथा ग्रहण समाप्ति देखी जा सकती है। शेष भारत में तो जब चन्द्रोदय होगा, तब तक खग्रास समाप्त हो चुका होगा तथा केवल ग्रहण समाप्ति ही दृष्टिगोचर होगी। भूगोल पर इस ग्रहण के स्पर्शादि काल (भा.स्टै.टा.) इस प्रकार है-

	घं.	मिं.	
ग्रहण (स्पर्श) प्रारम्भ	**15**	**20**	**(भा.स्टैं.टा.) 3 मार्च, 2026 ई.**
खग्रास प्रारम्भ	**16**	**34**	
ग्रहण मध्य (परमग्रास)	**17**	**04**	
खग्रास समाप्त	**17**	**33**	
ग्रहण समाप्त (मोक्ष)	**18**	**47**	

[चन्द्रमालिन्य आरम्भ = 14घं.:14मि. तथा चन्द्र क्रान्ति निर्मल = 19घं.:53मि. पर्वकाल = 3घं.:27मि. खग्रासकाल = 59 मिनट]

भारत में स्थानीय चन्द्रोदय से ही इस ग्रहण का आरम्भ माना जायेगा क्योंकि भारत में मुख्यतः चन्द्रोदय के बाद इस ग्रहण की समाप्ति ही देखी जा सकेगी।

ग्रहण का सूतक – इस ग्रहण का सूतक 3 मार्च 2026 ई. को प्रातः 6:20 से ही आरम्भ हो जायेगा। शुद्ध (ग्रहण-मोक्ष) चन्द्र-बिम्ब के दर्शन एवं तर्पण करने के बाद ही सभी धार्मिक कार्य करने चाहिये।

✻ सामान्यतः ग्रहण में क्या करें एवं क्या न करें ✻

क्या करें - ग्रहण के सूतक एवं ग्रहणकाल में स्नान, दान, जप-पाठ, मन्त्र जप, तीर्थस्नान, ध्यान करना शुभ होता हैं। धार्मिक, आस्थावान लोगों को ग्रहण पूर्व ही अपनी राशि अनुसार अथवा ब्राह्मण परामर्श अनुसार दानयोग्य वस्तुओं का संग्रह करके संकल्प कर लेना चाहिये तथा ग्रहण मोक्ष के बाद पुनः स्नान करके संकल्पपूर्वक ब्राह्मण को दान देना चाहिये।

क्या न करें - ग्रहण के सूतक एवं ग्रहणकाल में मूर्ति स्पर्श, अनावश्यक खानपान, मैथुन, निद्रा, तेल लगाना वर्जित है। वृथा-आलाप, नाखुन, बाल काटना आदि से परहेज करना चाहिये। वृद्ध, रोगी, बालक एवं गर्भवती स्त्रियों को यथानुकूल भोजन या दवाई आदि लेने में दोष नहीं।

ग्रहण सूतक से पहले ही दूध, दहीं, आचार, चटनी, मुरब्बा में कुशातृण रख देना श्रेयस्कर होता है। इससे ये दूषित नहीं होते। सूखे खाद्य पदार्थों में कुशा डालने की आवश्यकता नहीं।

✻✻✻✻✻

✻ सङ्कटनाशनगणेशस्तोत्रम् ✻

प्रणम्य शिरसा देवं गौरीपुत्रं विनायकम्।
भक्तावासं स्मरेन्नित्यमायुःकामार्थसिद्धये।। १।।

प्रथमं वक्रतुण्डं च एकदन्तं द्वितीयकम्।
तृतीयं कृष्णपिङ्गाक्षं गजवक्त्रं चतुर्थकम्।। २।।

लम्बोदरं पञ्चमं च षष्ठं विकटमेव च।
सप्तमं विघ्नराजेन्द्रं धूम्रवर्णं तथाष्टकम्।। ३।।

नवमं भालचन्द्रं च दशमं तु विनायकम्।
एकादशं गणपतिं द्वादशं तु गजाननम्।। ४।।

द्वादशैतानि नामानि त्रिसन्ध्यं यः पठेन्नरः।
न च विघ्नभयं तस्य सर्वसिद्धिकरं प्रभो।। ५।।

विद्यार्थी लभते विद्यां धनार्थी लभते धनम्।
पुत्रार्थी लभते पुत्रान् मोक्षार्थी लभते गतिम्।। ६।।

जपेद् गणपतिस्तोत्रं षड्भिर्मासैः फलं लभेत्।
संवत्सरेण सिद्धिं च लभते नात्र संशयः।। ७।।

अष्टभ्यो ब्राह्मणेभ्यश्च लिखित्वा यः समर्पयेत्।
तस्य विद्या भवेत् सर्वा गणेशस्य प्रसादतः।। ८।।

इति श्रीनारदपुराणे सङ्कटनाशनगणेशस्तोत्रं सम्पूर्णम्।।

❋ महिषासुरमर्दिनी–स्तोत्रम् ❋

अयि गिरिनन्दिनि नन्दितमेदिनि विश्वविनोदिनि नन्दिनुते।
गिरिवर-विन्ध्य-शिरोधिनिवासिनि विष्णुविलासिनि जिष्णुनुते।
भगवति हे शितिकण्ठकुटुम्बिनि भूरिकुटुम्बिनि भूरिनुते।
जय जय हे महिषासुरमर्दिनि रम्यकपर्दिनि शैलसुते॥ १॥

सुरवरवर्षिणि दुर्धरधर्षिणि दुर्मुखमर्षिणि हर्षरते।
त्रिभुवनपोषिणि शङ्करतोषिणि किल्बिषमोषिणि घोषरते।
दनुजनिरोषिणि दितिसुतरोषिणि दुर्मदशोषिणि सिन्धुसुते।
जय जय हे महिषासुरमर्दिनि रम्यकपर्दिनि शैलसुते॥ २॥

अयि शतखण्ड-विखण्डितरुण्ड-वितुण्डितशुण्ड-गजाधिपते।
